**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के 1-सोमवार हेतु निर्धारित, श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे अतारांकित प्रश्न संख्या-35 का उत्तरालेख:**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>35 (क) क्या वन मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी व मिर्जापुर मण्डल में वित्तीय वर्ष 2022-23 में वृक्षारोपण की कौन-कौन सी कार्ययोजना थी?</td><td>वाराणसी मण्डल तथा मिर्जापुर मण्डल में वित्तीय वर्ष 2022-23 में वृक्षारोपण की निम्न कार्य योजनाए थी:-
<table>
<tr><td>1. सामाजिक वानिकी सामान्य।</td><td>2. सामाजिक वानिकीएस0सी0एस0 पौ0</td></tr>
<tr><td>3. सामाजिक वानिकी टी0एस0पी0।</td><td>4. कैम्पा नान एन0सी0ए0 (गैरक्षतिपूरक)।</td></tr>
<tr><td>5. वन जमा।</td><td>6. डी0सी0एल0 व पौधशाला प्रबन्ध।</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>(ख) उक्त कार्ययोजना के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष कितना कार्य किया गया है?</td><td>उक्त कार्ययोजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य एवं उसके सापेक्ष किये गये कार्य का विवरण निम्नवत् है:-
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>मण्डल</th><th>आवंटित लक्ष्य</th><th>रोपित पौध संख्या</th></tr>
<tr><td>1</td><td>वाराणसी मण्डल</td><td>17247249</td><td>17286390</td></tr>
<tr><td>2</td><td>मिर्जापुर मण्डल</td><td>19938702</td><td>21179701</td></tr>
<tr><td></td><td>योग:-</td><td>37185951</td><td>38466091</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>(ग) उक्त योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष कितना कार्य अवशेष है?</td><td>इन मण्डलों के अन्तर्गत उपरोक्त योजनाओं में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष कोई कार्य अवशेष नहीं है।</td></tr>
<tr><td>(घ) क्या वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी वृक्षारोपण किये जाने की कोई कार्ययोजना है?</td><td>जी हाँ।</td></tr>
<tr><td>(ड.) यदि हाँ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?</td><td>वर्षाकाल 2023 में वाराणसी एवं मिर्जापुर मण्डलों को क्रमश: 70,30,900 एवं 1,16,79,300 पौधों के रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस हेतु क्षेत्र चयन अग्रिम मृदा कार्य एवं पौध उगान कार्य प्रगति पर है। कार्ययोजना के अनुसार अग्रिम मृदा कार्य 31 मार्च, 2023 तक पूर्ण किया जाना है।</td></tr>
</table>

**डॉ0 अरूण कुमार**
**राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार )**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।**